वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

वर्ष 01 अंक 11 | ब्यावर, 8 मई 2025, गुरुवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | पृष्ठ : 04 | मूल्य : नि:शुल्क

गौ-ग्रास से बच्चों में संस्कारों का बीजारोपण



वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। संस्कार ही मानव के सदाचरण की नींव होते हैं। सदाचरण से सत्य, अहिंसा, ईश्वर में विश्वास और मैत्री भाव जैसे सद्गुणों का उद्भव होता है।

बुनियादी स्तर पर ही यदि बच्चों की परवरिश और शिक्षा,संस्कारमय हो तो उनका व्यक्तित्व भी नि:संदेह संस्कारवान ही होता है और यही बच्चे भविष्य में राष्ट्र के आदर्श नागरिक बनते हैं।

इसी आदर्श लक्ष्य को मद्देनजर रखते हुए ब्यावर जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों में से एक श्री वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) के नन्हें बच्चों में संस्कारों के बीजारोपण को प्रमुखता दी जाती है। उनमें जीव-दया का भाव जागृत करने के उद्देश्य से उनके लंच बॉक्स में से



पहली रोटी गाय की दिव्य भाव के साथ उनके ही हाथों से (एक रोटी) गौ-ग्रास बॉक्स में प्रतिदिन पंक्तिबद्ध विधि से डलवाई जाती है। इस छोटे से सद्कर्म के माध्यम से नन्हें बच्चों में जीवों के प्रति दया का भाव निश्चित रूप से जागृत होता ही है। इसके साथ-साथ बच्चों में अपने माता-पिता, दादा-दादी , बड़े बुजुर्गों एवं अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान का भाव उत्पन्न हो इसके लिए उनको बड़ों के पांव छूने की संस्कार रूपी प्रेरणा भी प्रतिदिन दी जाती है। संस्थान का परिवेश ही संस्कारमय रखा जाता है ताकि बच्चों का स्वत: ही संस्कारों के साथ पोषण होता रहे।

बच्चों के मुस्कराते हुए चेहरों में इनकी आत्मिक खुशी प्रतिबिंबित होती हुई स्पष्ट दिखाई देती है।





स्वतंत्र पत्रकारिता ही सच्चे लोकतंत्र की नींव होती है

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

















वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सतीश सोनी, सूचना व जनसंपर्क विभाग, राजस्थान सरकार का स्वागत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी.लोढ़ा, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने माल्यार्पण, उपरना एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। डॉ. पारख ने बताया कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि समाज में सही जानकारी देना कितना जरूरी है, प्रेस और मीडिया वह पुल हैं जो जनता को सच से जोड़ता हैं, यह दिन उन सभी पत्रकारों को सम्मान देने का अवसर है जो ईमानदारी और निडरता से सच्चाई सामने लाने का काम करते हैं, चाहे उन्हें कितनी भी मुश्किलों का सामना क्यों न करना पड़े। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सतीश सोनी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है अगर मीडिया स्वतंत्र नहीं होगी तो सही जानकारी कभी भी नहीं मिल सकती हैं, प्रेस मीडियाकर्मियों ने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुतियां भी दी हैं, प्रतिवर्ष 3 मई को यह दिवस मनाकर उनके बलिदानों को याद किया जाता है, ताकि पत्रकारिता की आजादी और निष्पक्ष मीडिया की अहमियत को समझा जा सके। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि प्रेस की आजादी एक विकल्प नहीं है, अपितु जरूरत है। जो कलम अन्याय से लड़े, वह सबसे बड़ी ताकत होती है। कार्यक्रम के सफल संचालन में बीसीए विभागाध्यक्ष नवीन देवड़ा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन निधि पंवार व लवीना ज्ञानचंदानी ने किया।





वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में गूंजे संगीत के तराने





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सैकण्डरी स्कूल में वाद्य यंत्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के अंर्तगत कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों को विभिन्न आयु वर्ग के अनुसार चार वर्गों में विभाजित किया गया। प्रतियोगिता संयोजक समीर एस. कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चार वर्गो के अंर्तगत प्रथम वर्ग में कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थी, द्वितीय वर्ग में कक्षा 4 से 5 तक के विद्यार्थी, जूनियर वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी एवं सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के कुल 45 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिन्होनें अपनी कला का अनूठा प्रदर्शन कर विद्यालय परिसर को संगीतमय बना दिया।

विद्यार्थियों ने नमोकार मंत्र, राम आऐंगें तो अंगना सजाउंगी के साथ अन्य लोकप्रिय गीतों की धुन कोगों, केसियों, हारमोनियम, तबला, ढोलक, गिटार बासुंरी व ड्रम आदि वाद्य यंत्रों पर बजाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग (वर्द्धमान हाउस) की आयरा गरवाल ने प्रथम स्थान व उज्जवल बाड़मेरा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में द्वितीय वर्ग (नवकार हाउस) की हीरल सारसर ने प्रथम व रिद्धम जैन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग (सम्यक हाउस) की कोहाना शर्मा प्रथम व (अरिहंत हाउस) के दिग्विजेन्द्र प्रसाद द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सीनियर वर्ग में (नवकार हाउस) के समंकित जैन ने प्रथम और (अरिहंत हाउस) के रिद्धम मूंदड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका गिरधर पाराशर, डेनिस मैसी व हरीश गुजराती द्वारा निभाई गई। निर्णायकों नें विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को उजागर करने व विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने का अनूठा प्रयास है। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी निर्णायक अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, विद्यालय निदेशक डॉ. आर. सी. लोढ़ा, प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा व उप प्राचार्या सुनीता चौधरी ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।





सेवानिष्ट कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सै. स्कूल, के तीन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी. सैकण्डरी स्कूल में बुधवार दिनांक 30 अप्रेल 2025 को सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया जिसके अंर्तगत संस्था में दीर्घकालीन सेवाऐं देने वाले तीन चतुर्थ कर्मचारी श्री पारसमल सोलंकी, श्री सवाई सिंह एवं श्रीमती दुर्गा देवी को सेवानिवृत्त किया गया। इस अवसर पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा एवं उप प्राचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी नें तीनों कर्मचारियों को शॉल, माला व साफा पहनाने के साथ सम्मान पत्र व उपहार भेटं कर सम्मानित किया। मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में कर्मचारियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए बताया कि इन कर्मचारियों ने अपनी सेवा अवधि के समय पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्यो का संपादन किया जो सराहना योग्य है। विद्यालय प्राचार्य ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए तीनों कर्मचारियों के दीर्घायु, स्वस्थ एवं उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में अतिथि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार श्री रामप्रसाद कुमावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इन कर्मचारियों से मैं विगत 30 वर्षों से निजी रुप से परिचित हूँ ये कर्मचारी बहुगामी प्रतिभाओं के धनी है। यह मेरा भी सौभाग्य है कि इस अवसर पर मैं इन निष्ठावान कर्मचारियों का सम्मान कर रहा हूँ इसके साथ- साथ विद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों ने माला पहनाकर कर्मचारियों का सम्मान किया। मंच संचालन गौतम चंद चौहान द्वारा किया गया।

समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मचारियों नें श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति व शाला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने स्वर्णिम कार्यकाल की यादों को साझा किया।









गर्मी में परिंदों के लिए परिंडा अभियान का शुभारंभ

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, सेंदड़ा रोड में पक्षियों के लिए परिंडा अभियान की शुरुआत की गई। विद्यालय प्राचार्य डॉ निवेदिता पाठक ने गर्मियों में पक्षियों के लिए दाना -पानी की महत्वता विद्यार्थियों को समझायी ।साथ ही बढ़ते तापमान के मद्देनजर प्रत्येक विद्यार्थियों को घर में घरों में पानी हेतु परिंडे रखने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर परिंडा अभियान के प्रथम चरण में विद्यार्थियों को जीव सेवा अभियान के अंतर्गत परिंडे प्रदान किए। साथ ही द्वितीय चरण में विद्यार्थियों और अभिभावकों को घरों में परिंडे रखने का संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर सी लोढ़ा, प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्रधानाचार्य श्री नागेश राठौड़ ने अभियान की सराहना की।

'नाज' में मनाया ब्लू-डे





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ, सेंदड़ा रोड, में किंडर गार्डन में ब्लू डे मनाया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने ब्लू रंग की वेशभूषा धारण की। बच्चों को ब्लू वस्तुओं और खाद्य सामग्री के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को कलर से संबंधित गतिविधियां करवाई गई जिसमें, आर्ट एंड क्राफ्ट और कविता सुनाई गई।

इस गतिविधि का बच्चों द्वारा सहर्ष आनंद लिया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने बच्चों को विविध रंगों के साथ ब्लू-कलर की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, शैक्षणिक निदेशक डॉ आर. सी. लोढ़ा ,प्रधानाचार्या डॉ निवेदिता पाठक, उपप्रधानाचार्य श्री नागेश राठौड़ ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया।







सेवानिवृत्ति पर सहायक कर्मचारी मंजू सर्वा को दी गयी भावभीनी विदाई





वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में स्टाफ क्लब के तत्वावधान में सहायक कर्मचारी मंजू सर्वा का विदाई समारोह आयोजित किया गया सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.आर.सी.लोढ़ा ने अपने उद्बोधन में बताया कि सेवानिवृत मंजू सर्वा सरल, अनुशासनप्रिय मृदुभाषी व कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व की धनी है उनके द्वारा किये गये कार्यो की सराहना की।

इसी क्रम में स्टाफ क्लब सचिव श्रीमती निधि पंवार ने मंजू सर्वा को माल्यार्पण एवं शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य, स्टॉफ क्लब सचिव निधि पंवार व संयुक्त सचिव गिरीश कुमार बैरवा द्वारा मंजू सर्वा जी को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य, ऑफिस स्टाफ व समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।























पूल-पार्टी में बच्चों की मस्ती

वर्द्धमान न्यूज

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल (वर्द्धमान रूट्स) में प्रारंभिक शिक्षा के साथ में संस्कार, नैतिक शिक्षा, एवं बच्चों में वर्ष-पर्यन्त बदलते मौसम का सामना करने के लिए अनेक तरह के टिप्स दिए जाते है। एवं अनेक तरह से होने वाले डर को दूर करने के लिए विविध आयोजन किए जाते है। प्रत्येक शनिवार को बच्चों के लिए शारारिक-मानसिक विकास के लिए अनेक तरह के मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया जाता है।

इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों में ज्ञान और आत्मविश्वास का निर्माण करना होता है ताकि बच्चे महसूस करें कि वह किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

विगत शनिवार को स्कूल केम्पस में एक पूल पार्टी विद म्यूजिक सिस्टम के साथ आयोजित की गई। जिसमें स्वच्छ पानी से भरे आर्टिफिशियल स्विमिंग पूल में स्लाइडर के साथ डिजिटल साउंड सिस्टम रखा गया जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ आनन्द उठाया। अनेक बच्चे स्विमिंग कॉस्ट्यूम, गॉगल्स, स्लाइडर ट्यूब पहनकर आए उन्होंने म्यूजिक के साथ खूब एन्जॉय किया। पूल पार्टी में बच्चों के अनोखे अंदाज में फोटो शूट भी किया गया। बच्चों को गर्मी में राहत की अनुभूति हुई।

वर्द्धमान रूट्स विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है बच्चों को हर क्षेत्र में मनोरंजन के साथ पढाना तथा उनका विकास करना। जिससे बच्चे स्वयं को बहुत सुरक्षित महसूस करें।

